विधान परिषद के प्रथम सत्र 2025 के प्रथम शुकवार हेतु निर्धारित डॉ0 आकाश अग्रवाल, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूँछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–13 का उत्तर।

प्रश्न	उत्तर
13 (क) क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद–हापुड़ में सर्वोदय इण्टर कालेज, काका टेर हसनपुर एक वित्तविहीन संस्था है?	जी हॉ।
(ख) क्या शासनादेश संख्या–1084/पन्द्रह–9–2022 दिनांक 20 अक्टूबर, 2022 द्वारा इण्टरमीडिएट शिक्षा अधिनियम, 1921 की धारा 16 (क) की उप धारा (1) में संशोधित व्यवस्था लागू की गई है?	जी हॉ।
(ग) क्या इस प्रकार वित्तविहीन संस्थानों पर प्रशासन योजना के प्राविधान लागू नहीं किये गये हैं?	जी हॉ।
(घ) यदि हॉ, तो संयुक्त शिक्षा निदेशक, मेरठ द्वारा किस व्यवस्था के अन्तर्गत अपने आदेश संख्याः 8653–54/2023–24 दिनांक 26.10.2023 द्वारा उक्त विद्यालय की प्रबन्ध समिति के कार्यकाल को 3 वर्ष के स्थान पर 5 वर्ष करने का प्रशासन योजना में संशोधन कर दिया गया है?	प्रबन्ध समिति एवं साधारण सभा द्वारा पारित प्रस्ताव के आधार पर मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, मेरठ के आदेश दिनांक 26.10.2023 द्वारा प्रबन्ध समिति का कार्यकाल 03 वर्ष के स्थान पर 05 वर्ष संशोधन किये जाने हेतु अनुमति प्रदान की गयी है। शासनादेश संख्या–1084/पन्द्रह–9–2022 संस्कृत शिक्षा अनुभाग (माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–9) लखनऊ दिनांक 20 अक्टूबर, 2022 में उल्लिखित व्यवस्था में कतिपय बिन्दु निहित होने के दृष्टिगत प्रकरण के सम्यक परीक्षण किये जाने हेतु शिक्षा निदेशालय के आदेश दिनांक 19.02.2025 द्वारा अपर शिक्षा निदेशक (राजकीय) शिक्षा निदेशालय,उ0प्र0 प्रयागराज एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक (अर्थ), शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, प्रयागराज की दो सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।
(ड़) जिला विद्यालय निरीक्षक, हापुड़ द्वारा किस व्यवस्था के अन्तर्गत उस विद्यालय की प्रबन्ध समिति के चुनाव प्रशासन योजना के आधार पर कराये गये और अपने पत्र संख्याः प्रबन्ध/1764–67/2024–25 दिनांक 12.06.2024 द्वारा उसे मान्य किया गया?	उपरोक्तानुसार।
(च) यदि उक्त अधिकारियों द्वारा अनियमित कार्य किया गया तो क्या उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करायेंगे?	उपरोक्तानुसार।

गुलाब देवी
माध्यमिक शिक्षा मंत्री।